Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding Rail Coach Factory in Latur District, Maharashtra-laid.

श्री सुधाकर तुकाराम श्रृंगरे (लातूर):महाराष्ट्र का लातुर जिला विगत एक दशक से भयंकर सूखे से प्रभावित है । पानी की कमी के कारण यहां अब तक कोई भी बड़ा उद्योग स्थापित नहीं किया गया है । लातुर जिला न केवल औद्योगिक दृष्टि से अपितु आर्थिक विकास के मामले में भी पूरी तरह पिछड़ गया है । इसी कारण यहां बहुत अधिक बेरोजगारी व्याप्त है । कई दशक के प्रयासों के बाद अब यहां रेल कोच फैक्टरी की स्थापना की गई है तथा शीघ्र ही यह अपना कार्य आरंभ करने जा रही है । इसके लिए मैं सरकार का तहे दिल से धन्यवाद् करता हूं । मेरे भरसक प्रयासों के बावजूद मुझे यह जानकारी नहीं मिली है कि फैक्ट्री के लिए किस-किस कच्चे माल की जरूरत होगी । इसी प्रकार मुझे यह भी जानकारी उपलब्ध नहीं हुई है कि फैक्ट्री में रोजगार हेतु किस-किस कौशल के कर्मचारियों की आवश्यकता होगी । अतः इस सम्मानीय सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि लातुर कोच फैक्ट्री की कच्चे माल की अधिकाधिक जरूरतों को स्थानीय स्रोतों से पूरा किया जाए तथा इस कच्चे माल की जरूरतों की जानकारी शीघ्रताशीघ्र स्थानीय लोगों को उपलब्ध कराई जाए ताकि इस संबंध में यहां अनुशांगिक उद्योग लगाकर कोच फैक्ट्री को उसकी जरूरतों के समान की आपूर्ति करना स्थानीय रूप से संभव हो सके । सरकार से यह भी अनुरोध है कि लातुर कोच फैक्ट्री में स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाए तथा फैक्ट्री को किस तरह के कौशल नियोजन की जरूरत है उसकी जानकारी स्थानीय लोगों

को उपलब्ध कराई जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि फैक्ट्री में कम से कम 70 प्रतिशत नियोजन हेतु स्थानीय नवयुवकों की भर्ती की जाए।